सत्र :2023-2024

कक्षाः बारहवीं

विषय : हिंदी

<u>प्रश्न-पत्र की रूपरेखा</u>

समय : 3 घंटे | पूर्णांक (लिखित)=80 अंक

आंतरिक मूल्यांकन=20 अंक

नोट-(i) 05 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं। अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार, अक्षरों की स्पष्टता, अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी, लिखने में एकसारता व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।

(ii) प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे।

(iii) प्रश्न-पत्र में कुल 11 प्रश्न होंगे।

(iv) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

भाग-क : बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न (15)

प्रश्न 1.(i) समास (अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि एवं द्वंद्व समास) से संबंधित तीन बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 3×1=3

(ii) हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल) से संबंधित चार बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। दो प्रश्न रीतिकाल में से एवं दो प्रश्न आधुनिक काल में से दिए जाएँगे। 4×1=4

(iii) पद्यांश (प्राचीन कविता) पर आधारित तीन बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। दो प्रश्नों के उत्तर पद्यांश में से ढूँढ़कर लिखने के लिए होंगे। एक प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ/ पद्यांश के केन्द्रीय भाव/मूल भाव से सम्बन्धित दिया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 3×1=3

(iv) पद्यांश (आधुनिक कविता) पर आधारित तीन बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। दो प्रश्नों के उत्तर पद्यांश में से ढूँढ़कर लिखने के लिए होंगे। एक प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ/ पद्यांश के केन्द्रीय भाव/मूल भाव से सम्बन्धित दिया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 3×1=3

(v) पद परिचय से संबंधित दो बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 2×1=2

अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न (15)

नोट : इसमें 'हाँ/ नहीं' अथवा 'रिक्त स्थानों की पूर्ति' अथवा 'सही/गलत' अथवा 'मिलान कीजिए', 'एक शब्द' अथवा 'एक वाक्य में उत्तर दें' किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है।

(v) छंद से संबंधित 2 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। 2×1=2

(vi) अलंकार से संबंधित 2 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। 2×1=2

(vii) अंग्रेज़ी के पारिभाषिक शब्दों से संबंधित चार वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। 4×1=4

(viii) पाठ्य पुस्तक गद्य भाग (निबंध, कहानी व एकांकी) में से सात अति लघूत्तर वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। 7×1=7

### भाग ख (पाठ्य पुस्तक में से अन्य प्रश्न ) (17)

प्रश्न 2. पाठ्य पुस्तक में संकलित 'निबंध भाग' में से दो, 'कहानी' 'भाग में से दो तथा 'एकांकी' 'भाग में से दो अर्थात कुल छह प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से चार प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में देने के लिए कहा जाएगा। प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का होगा। 4×3=12

प्रश्न 3. पाठ्य पुस्तक में संकलित गद्य भाग (निबंध, कहानी एवं एकांकी) में से दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 1×5=5

### भाग-ग हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल) (10)

प्रश्न 4. इस प्रश्न में हिंदी साहित्य के रीतिकाल की प्रमुख परिस्थितियों, प्रमुख प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के साहित्यिक परिचय से संबंधित कोई दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे,जिनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

प्रश्न 5. इस प्रश्न में हिंदी साहित्य के आधुनिक काल की परिस्थितियों,प्रमुख प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के साहित्यिक परिचय से संबंधित कोई दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

### भाग घ (व्यावहारिक ज्ञान) (5)

प्रश्न 6. इस प्रश्न में लगभग 25-30 शब्दों का एक पंजाबी गद्यांश दिया जाएगा, जिसका हिंदी में अनुवाद करना होगा। 3

प्रश्न 7. विज्ञापन और सूचना से सम्बन्धित दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक का उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा । 2

### भाग ङ (छन्द एवं अलंकार) (6)

प्रश्न 8. कोई दो छंद देकर किसी एक छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखने के लिए कहा जाएगा। 3

प्रश्न 9. कोई दो अलंकार देकर किसी एक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखने के लिए कहा जाएगा। 3

### भाग-च : ( रचनात्मक लेखन) (7)

प्रश्न 10. निबंध लेखन के अंतर्गत कोई चार विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लेखन के लिए कहा जाएगा। भूमिका के लिए 1 अंक, विषय वस्तु के लिए 5 अंक तथा उपसंहार के लिए 1 अंक निर्धारित हैं। 1+5+1=7

प्रश्न-11. सुंदर लिखाई (5)